# सिराज-कृष्णा के आगे घुटने टेका इंग्लैंड



## ओवल टेस्ट जीतकर भारत ने सीरीज की बराबर

**नई दिल्ली, 4 अगस्त,मोहम्मद सिराज के करिश्माई प्रदर्शन की बदौलत भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट में छह रन से हराकर एक अविस्मरणीय जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ही पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से बराबर हो गई, जिसे क्रिकेट इतिहास की सबसे रोमांचक श्रृंखलाओं में से एक के रूप में याद किया जाएगा.**

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम पहली पारी में 224 रन पर सिमट गई. भारत के लिए करुण नायर ने 57 रन बनाए. इंग्लैंड की तरफ से गस एटकिंसन ने 5 और जोश टंग ने 3 विकेट लिए. जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 247 रन बनाकर 23 रन की बढ़त हासिल की. इंग्लैंड के लिए जैक क्रॉली ने 64 और हैरी ब्रूक ने 53 रन बनाए. भारत की ओर से मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने 4-4 विकेट लिए.

दूसरी पारी में भारत ने शानदार वापसी की और यशस्वी जायसवाल (118), आकाश दीप (66), रवींद्र जडेजा (53) और वाशिंगटन सुंदर (53) के अर्धशतकों की मदद से इंग्लैंड को 374 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया. इस पारी में इंग्लैंड के लिए जोश टंग ने 5 विकेट चटकाए. जीत के लिए 374 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने चौथे दिन छह विकेट पर 339 रन बनाए थे. अंतिम दिन, इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ 35 रन की जरूरत थी, जबकि भारत को चार विकेट चाहिए थे. सिराज ने अपनी तूफानी गेंदबाजी से इंग्लैंड को 85.1 ओवर में 367 रन पर ऑल आउट कर दिया और भारत को रोमांचक जीत दिलाई. सिराज ने दूसरी पारी में 104 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने भी 126 रन देकर चार विकेट चटकाए.

### सिराज को था जीत का पूरा यकीन

***मैच के हीरो मोहम्मद सिराज ने कहा,*** *''मुझे हमेशा से यकीन था कि किसी भी स्थिति से जीत दिला सकता हूँ और सुबह यही किया। मेरी एक ही रणनीति थी कि सही जगह पर गेंद डालनी है।'' उन्होंने बताया कि मैच के आखिरी दिन सुबह उन्होंने अपने फोन पर 'बिलीव' इमोजी वॉलपेपर लगाया था और खुद से कहा था कि वह देश के लिए यह करेंगे। सिराज इस श्रृंखला में 23 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे।*

## सिराज की शानदार गेंदबाजी से भारत की ऐतिहासिक जीत, 2-2 से बराबर हुई टेस्ट श्रृंखला

### जसप्रीत बुमराह की चोट- वर्कलोड या कुछ और?



एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने निर्णायक मोड़ पर थी, लेकिन इस अहम मुकाम से ठीक पहले टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा था. स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आखिरी टेस्ट से पहले ही टीम से रिलीज कर दिया गया. बीसीसीआई ने अपनी आधिकारिक सूचना में इसका कारण वर्कलोड मैनेजमेंट बताया था, लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह सिर्फ वर्कलोड का मामला है या कुछ और?मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह को घुटने में हल्की चोट लगी है. एक बीसीसीआई अधिकारी ने बताया, इसमें कोई चिंता की बात नहीं है. बुमराह के घुटने की चोट हल्की है और सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी.



### युवा टीम के प्रदर्शन की तारीफ

इस जीत के बाद क्रिकेट जगत ने भारतीय टीम की जमकर तारीफ की. सचिन तेंदुलकर ने इसे रोंगटे खड़े करने वाला और भारतीय क्रिकेट के महानायकों का प्रदर्शन बताया. पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि सिराज दुनिया के किसी भी हिस्से में अपनी टीम को निराश नहीं करते. भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल ने भी कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा कि शुभमन अद्भुत रहे हैं और उन्होंने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया है. राहुल ने कहा कि गिल एक लीडर के रूप में बने रहेंगे और भारतीय टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे. राहुल ने इस श्रृंखला को भारतीय क्रिकेट के सबसे यादगार पलों में से एक बताया. उन्होंने कहा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों की अनुपस्थिति में मिली यह जीत भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है.

### मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं : स्टोक्स

इंग्लैंड टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं. भारत के छह रन से मैच जीतने पर बेन स्टोक्स ने कहा कि गेम ना खेल पाना कठिन है. दोनों ही टीमों ने इस सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया और अपनी पूरी ऊर्जा के साथ खेला. इस सीरीज का हिस्सा रहना गर्व का हिस्सा रहा और मैं अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हूं. यह दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों के लिए देश के लिए खेलना कितना मायने रखता है. उन्होंने कहा कि इंग्लैंड और भारत की सीरीज हमेशा एक बड़ी सीरीज होती है और कई बार भावनाएं खुलकर सामने आ जाती हैं. हर कोई अपने देश का प्रतिनिधित्व करने आता है. जब आप मैच की शुरुआत में एक गेंदबाज कम हो जाते हैं तो अन्य गेंदबाजो के ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाती है.



### गिल भारतीय टेस्ट टीम को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे : राहुल

भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल ने कप्तान शुभमन गिल की तारीफ करते हुए कहा है कि शुभमन अद्भुत रहे हैं. उन्होंने वाकई आगे बढ़कर नेतृत्व किया है. उन्होंने खिलाड़ियों के साथ वाकई कड़ी मेहनत की है. वह रणनीतिक रूप से वाकई अच्छे रहे हैं. उन्होंने जो भी बदलाव किए हैं, उनसे हमें हमेशा किसी न किसी तरह विकेट मिले हैं. वह आगे भी निखरेंगे. वह एक लीडर के रूप में बने रहेंगे और इस भारतीय टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे. टेस्ट क्रिकेट और सीरीज ड्रॉ पर प्रसारक से बातचीत करते हुए राहुल ने कहा, यह (टेस्ट क्रिकेट) मेरे लिए बहुत मायने रखता है.



### एक दिलचस्प वाकया

मैच के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी हुआ, जब इंग्लैंड को जीत के लिए 11 रन की जरूरत थी और भारत को एक विकेट चाहिए था. इस दौरान ध्रुव जुरेल एक रन आउट का मौका चूक गए. इस पर सिराज ने गुस्से में कप्तान शुभमन गिल से कहा, तूने बोला नहीं उसको. बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस घटना पर बोलते हुए गिल ने कहा कि सिराज ने उन्हें विकेटकीपर को ग्लव्स उतारने के लिए कहने को बोला था, लेकिन जब तक वह कुछ कह पाते, तब तक बल्लेबाज भागने लगा और रन आउट मिस हो गया. इस बात पर सिराज और गिल दोनों हंसने लगे, जिससे यह साफ हो गया कि उनके बीच का तालमेल बहुत अच्छा है.

### क्रिस वोक्स की चोट और जो रूट का बयान

पांचवें दिन की शुरुआत से पहले यह अनिश्चितता बनी हुई थी कि क्या चोटिल क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध होंगे. वोक्स को पहले दिन बाउंड्री रोकते समय चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें पांचवें टेस्ट से बाहर कर दिया गया था. हालांकि, जो रूट ने इस पर बड़ा बयान देते हुए कहा, हम सबकी तरह वोक्स हर हाल में टीम की जीत चाहते हैं. यह ऐसी सीरीज रही है, जिसमें खिलाड़ियों ने अपने शरीर तक को दांव पर लगा दिया. उम्मीद करता हूँ कि ऐसी परिस्थिति न आए, लेकिन उन्होंने यहां हल्का अभ्यास किया है, जरूरत पड़ी तो वह बैटिंग के लिए उपलब्ध रहेंगे.



### शुभमन गिल और जो रूट में कौन है ज्यादा पढ़ा-लिखा?

अक्सर क्रिकेट के मैदान पर आमने-सामने आने वाले शुभमन गिल और जो रूट की तुलना उनके क्रिकेट कौशल तक ही सीमित नहीं रहती. प्रशंसकों को यह जानने में भी दिलचस्पी है कि शिक्षा के क्षेत्र में कौन आगे है. शुभमन गिल की शिक्षा- शुभमन गिल ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पंजाब के फाजिल्का में की. बाद में उनका परिवार मोहाली चला गया, जहाँ उन्होंने मानव मंगल स्मार्ट स्कूल से 10वीं कक्षा पास की. इसके बाद उन्होंने पूरी तरह से क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित किया और 17 साल की उम्र में ही भारतीय अंडर-19 टीम का हिस्सा बन गए.

### एक नजर में



### श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में मारी बाज़ी

**अल्माटी (कजाकिस्तान).** भारत के मुरली श्रीशंकर ने कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों लॉन्ग जंप का खिताब अपने नाम किया. शनिवार को 26 वर्षीय भारतीय एथलीट ने वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर ब्रॉन्ज लेबल (कैटेगकी सी) मीट में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने पहले प्रयास में ही 7.94 मीटर की विजयी छलांग लगाई. चोट से वापसी के बाद से यह उनकी तीसरी जीत है. फिलीपींस के जैनरी उबास 7.53 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अजरबैजान के नाजिम बाबायेव 7.48 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे. पिछले साल अप्रैल में लगी घुटने की चोट से उबरने के बाद श्रीशंकर की यह तीसरी एथलेटिक्स प्रतियोगिता थी. उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और इस कारण पिछले साल फ्रांस में होने वाले ग्लोबल ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के बाद भी वह पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा नहीं ले पाए.

### पंजाब से उभरते फुटबॉल सितारे

**मोहाली.** पंजाब एफसी का यूथ प्रोग्राम ग्रासरूट स्तर से फुटबॉल खिलाड़ियों को तैयार करने और उन्हें विश्वस्तरीय कोचिंग, सुविधाएं और शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहा है.जालंधर, गुरदासपुर, होशियारपुर, अटारी और पटियाला जैसे शहरों में फैले 16 ग्रासरूट सेंटर्स के माध्यम से क्लब 100 से अधिक युवा एथलीटों को प्रशिक्षित कर रहा है. इन सेंटर्स पर लगभग 30 कोच, न्यूट्रिशनिस्ट और मेडिकल स्टाफ की निगरानी में खिलाड़ियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाता है. पिछले चार वर्षों में, इस यूथ प्रोग्राम ने 11 भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (सीनियर और विभिन्न आयु समूहों में) तैयार किए हैं. 2024-25 सीजन में क्लब ने एआईएफएफ अंडर-17 एलीट लीग, एआईएफएफ अंडर-15 जूनियर लीग और ड्रीम स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप अंडर-17 का खिताब जीता है, जो इस कार्यक्रम की सफलता को दर्शाता है.



### रोहन सिंह के गोल से रीयल कश्मीर एफसी जीता

**इम्फाल.** मिडफील्डर रोहन सिंह के लंबी दूरी से दागे गोल की मदद से रीयल कश्मीर एफसी ने सोमवार को यहां डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप एफ मैच में टीआरएयू एफसी को 2-1 से हरा दिया.रीयल कश्मीर ने 24वें मिनट में मरात तारेक के गोल की बदौलत बढ़त बनाई लेकिन अफरीदी बुयामायुम ने 26वें मिनट में गोल दागकर टीआरएयू को बराबरी दिला दी.रोहन ने इसके बाद 64वें मिनट में बॉक्स के बाहर से गोल दागकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे तीन अंक दिला दिए.रीयल कश्मीर अगले मैच में 10 अगस्त को नेरोका एफसी से भिड़ेगा जबकि टीआरएयू एफसी की भिड़ंत 12 अगस्त को भारतीय नौसेना से होगी.



## भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

- हरमनप्रीत सिंह को सौंपी गई कप्तानी
- टीम में नए चेहरे पूवन्ना सीबी को मिला मौका


**नई दिल्ली, 4 अगस्त, हॉकी इंडिया ने सोमवार को 15 से 21 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले चार मैचों के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की. टीम का नेतृत्व डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे.**

यह दौरा 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में होने वाले महत्वपूर्ण हीरो एशिया कप से पहले एक अहम तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है, जो विश्व कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है. टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का मिश्रण है. गोलकीपर के रूप में कृष्ण पाठक और सूरज करकेरा शामिल हैं. डिफेंस में हरमनप्रीत सिंह के साथ सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप जेस और जुगराज सिंह हैं. कर्नाटक के पूवन्ना सीबी को एक नए चेहरे के रूप में टीम में शामिल किया गया है. मिडफील्डर में राजिंदर सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम और विष्णु कांत सिंह को जगह मिली है.

मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालगे फॉरवर्ड के रूप में टीम में शामिल होंगे. मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हम एशिया कप से पहले अपनी तैयारी को निखारने के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं. हमारा ध्यान गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और अभ्यास मैचों के माध्यम से अपनी शारीरिक और तकनीकी प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर होगा. भारतीय टीम आठ अगस्त को ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होगी.

### विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय कुश्ती टीम का चयन

**लखनऊ.** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत (57 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) ने विश्व चैंपियनशिप के लिए आयोजित चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है. यह विश्व चैंपियनशिप अगले महीने क्रोएशिया के जगरेब में होने वाली है. अमन सहरावत के लिए यह पेरिस ओलंपिक के बाद दूसरा विश्व स्तर का टूर्नामेंट होगा. उन्होंने ट्रायल में अपनी बेहतरीन फॉर्म दिखाते हुए बिना किसी खास चुनौती के फाइनल में राहुल को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया. अमन ने कहा, मुझे लगता है कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आया हूँ. मेरी फिटनेस अच्छी है और मैं विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार हूँ. पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल ने कड़ा मुकाबला जीतने के बाद टीम में जगह बनाई. उन्होंने बजरंग पुनिया के हटने के बाद इस भार वर्ग में उम्मीद जगाई है.



अमन और सुजीत ने जगह पक्की की

## भारतीय तीरंदाजी संघ ने पहली फ्रैंचाइजी लीग की घोषणा की

- अक्टूबर में दिल्ली में होगा आयोजन
- 6 टीमों में खेलेंगे शीर्ष भारतीय-विदेशी तीरंदाज



**नई दिल्ली, 4 अगस्त.भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को दुनिया भर के पुरुष और महिला रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाजों के लिए फ्रैंचाइजी-शैली वाली पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की.**

यह लीग विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और भारतीय खेल मंत्रालय के सहयोग से आयोजित की जा रही है. इसका उद्देश्य देश में ओलंपिक आंदोलन का समर्थन करना और भारतीय तीरंदाजों के विकास के लिए एक पेशेवर मंच प्रदान करना है.लीग का पहला संस्करण अक्टूबर में नई दिल्ली के यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 11 दिनों तक चलेगा. इसमें दुनिया के शीर्ष 10 विदेशी और भारतीय तीरंदाज छह फ्रैंचाइजी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे. यह टूर्नामेंट भारतीय तीरंदाजों को उच्च दबाव वाले माहौल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर देगा.

भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, हमें भरोसा है कि इस लीग की मदद से हम भारत के गाँव-गाँव में रहने वाले युवा तीरंदाजों के सपनों को साकार कर पाएंगे और इस खेल को देश में अगले स्तर तक ले जा सकेंगे. विश्व तीरंदाजी के महासचिव टॉम डिलेन ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि यह खेल के प्रभाव को बढ़ाएगा और खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का मौका देगा.

**बयान जारी** — इंटर मियामी को लीग्ज कप में बड़ा झटका, मेसी को 11वें मिनट में लगी मांसपेशियों में चोट



## चोटिल मेसी अनिश्चितकाल के लिए टीम से बाहर

- टीम ने बताया—वापसी इलाज की प्रगति पर निर्भर
- इस सीजन में अब तक 18 गोल और 9 असिस्ट
- जोर्डी अल्बा बोले—टीम के लिए बड़ी निराशा

**मियामी, 4 अगस्त. इंटर मियामी के कप्तान और अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को दाहिने पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट लगने के कारण अनिश्चितकाल के लिए टीम से बाहर कर दिया गया है. मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) टीम ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी.**

38 वर्षीय मेसी को शनिवार को लीग्ज कप के मैच में मेक्सिको के नेकाक्सा के खिलाफ शुरुआती 11वें मिनट में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा. इंटर मियामी ने बताया कि मेसी का 'चिकित्सा परीक्षण किया गया है' और जांच में दाहिने पैर की मांसपेशियों में मामूली चोट की पुष्टि हुई है. टीम ने कहा कि उनकी वापसी 'उनके क्लिनिकल प्रगति और उपचार के प्रति उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगी.' इस चोट का मतलब है कि मेसी के मैदान पर लौटने की कोई निश्चित समय-सीमा नहीं है. मेसी इस सीज़न में 18 गोल और 9 असिस्ट के साथ एमएलएस के शीर्ष स्कोररों में से एक हैं. टीम के उनके साथी जोर्डी अल्बा ने मेसी के जल्द बाहर होने को पूरी टीम के लिए एक बड़ी निराशा बताया.मेसी की अनुपस्थिति इंटर मियामी के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर लीग्ज कप में, जिसे टीम ने 2023 में जीता था. टीम बुधवार को यूएनएएम प्यूमास के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेगी.

### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का केरल दौरा रद्द

महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का केरल दौरा अब नहीं होगा. राज्य के खेल मंत्री वी. अब्दुर्रहमान ने सोमवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस साल अक्टूबर में टीम के दौरे को लेकर असहमति के कारण यह फैसला लिया गया है.इससे पहले, मंत्री ने यह दावा किया था कि सरकार द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मेसी के नेतृत्व वाली टीम केरल आएगी और प्रायोजक ने मैच फीस का भुगतान भी कर दिया है.